तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

11 झरझरा माता मंदिर में जल रहे आस्था के 541 जोत


12 चंदूलाल ने सीएम साय, डॉ. रमन डिप्टी सीएम...




छत्तीसगढ़ में नंबर 1 हरिभूमि
सत्य, सार्थक, सर्वहित की पत्रकारिता को आपने बनाया छत्तीसगढ़
हरिभूमि
समाचार पत्र को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 01 बनने पर
हार्दिक बधाई एवं प्रगति पथ पर
अग्रसर की शुभकामनाएं...

मा. रोहित साहू जी
विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र
अष्टमी के पावन पर्व पर राजिमवासियों का
शत्-शत् अभिनंदन...
देवलाल ऑटो पार्ट्स
शिवाजी चौक, राजिम
मो. 8839978360

मा. कुलेश्वर साहू
सभापति नगर पंचायत, राजिम

मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर


हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## नवरात्रि विशेष

### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है।



इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# कार ने मारी बाइक को ठोकर, दो की मौत

## हादसे में एक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

- पुलिस ने कार की जब्त और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया

अभनपुर राजिम मार्ग नेशनल हाईवे 130 सी गातापार नहर के पास 3 अप्रैल को शाम 7 बजे के करीब कार की ठोकर से मोटरसायकल सवार दो व्यक्तियो की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार अभनपुर मे टाईल्स फिटिंग का काम करने वाले भोजराज साहू 38 वर्ष निवासी भेंडरी तथा उसका सहयोगी लक्की साहू उम्र 19 निवासी बजरंगपुर दोनो व्यक्ति एक ही मोटरसायकिल से घर जा रहे थे। गातापार नहर के समीप सामने से आ रही कार क्रंमाक सीजी 04 एनके 3234 के जबदस्त ठोकर से भोजराज साहू को गंभीर चोट आने से वह घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया वही लक्की साहू को गंभीर अवस्था मे ही निजी अस्पताल सोनी मल्टी मे उपचार के लिए भर्ती किया गया जहां रात 2 बजे करीब उसकी भी मौत हो गई।



**कार चालक भी घायल-** कार की अत्यधिक स्पीड होने से अपने सही साइड मे चल रहे निर्दोश व्यक्तियो को ठोकर मारते हुये गढ्ढे मे जा घुसी,घटना की जानकारी मिलने पर अभनपुर पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई तथा कार चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार को जप्ती किया गया है,अभनपुर से राजिम मार्ग नेशनल हाईवे 130 सी पर कई जगह अधूरी निर्माण कार्य है निर्माणाधीन इस सडक़ मे ठेकेदार की लापरवाही के चलते कई दुर्घटनाये हो चुकी है बताया गया कि जिस स्थान पर इन दो व्यक्तियो की मौते हुई है वहां भी सडक़ निर्माणाधीन है नया सडक़ व पुराना सडक़ दोनो मिलती है तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से वहां पर कोई साइन बोर्ड नही लगाया गया है,विभागीय अधिकारी भी इस मामले मे गंभीर नही है,इसी विधानसभा सत्र मे राजिम विधायक द्वारा सडक़ निर्माण की जानकारी मांगी गई थी जिसमे मात्र 1.4 किलोमीटर निर्माण नही होने की जानकारी दी गई है,पीडब्लूडी विभाग के जवाबदार अधिकारियो द्वारा उच्च सदन को भी गलत जानकारी दी गई है कई जगह निर्माण कार्य अधूरे पड़े है,निर्दोष व्यक्ति दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

# ओड़िशा निर्मित 5 लीटर अवैध शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लीटर अवैध ओड़िशा निर्मित शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी देवभोग गौतम चंद गावड़े को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा से मगररोड़ा ध्रुवापरा की ओर अवैध अंग्रेजी शराब बेचने के लिए आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवभोग ने अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये गए



स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने चुम्पेलाल यादव उर्फ बबलू पिता पुनीत राम यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी गाडाघाट, थाना देवभोग को धर दबोचा।


YOU'RE INVITED
WEDDING PREVIEW
22ND EDITION
04 - 14 APRIL' 25
EXHIBITING INDIA'S BEST DESIGNER WEDDING COLLECTION.
SELECT • RESERVE • SHINE
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
• Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
• Durg: Santra Badi, Station Road • Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road
NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप



### तूफान से सड़कों पर बिछा कुंभी का फूल

**मैनपुर।** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में कुंभी वृक्ष भारी संख्या में पाये जाते है और इस वृक्ष को काफी गुणकारी वृक्ष के रूप में जाना जाता है इस पौधे के कुछ हिस्सो का उपयोग अलसर, घाव भरने, सर्दी खांसी, फोड़े ओर पेचिस के ईलाज के लिए किया जाता है। मैनपुर पैरी उद्गम जाने वाले मार्ग में पहाड़ी किनारे कुंभी का वृक्ष से आंधी तूफान के कारण रात में फूल सड़क में चारो तरफ बिखरा पड़ा रहा। नवरात्रि के अवसर पर भाठीगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओ व पर्यटकों को सड़क में बिखरे यह फूल मन मोह लिया।

### भावसिंग दिल्ली के बैठक में हुए शामिल



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के समस्त जिला अध्यक्षों की बैठक आहूत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहूल गांधी के द्वारा नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें कांग्रेस पार्टी के कार्यों को लेकर गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर गरियाबंद जिले के कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भावसिंग साहू भी बैठक में शामिल हुए जहां पर मल्लिकार्जुन खडगे के साथ- साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पाइलेट सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से भेंट मुलाकात हुई।

### अष्टमी आज शाम 7:26 बजे तक

**छुईहा बेलर।** सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र का खास महत्व है। चैत्र नवरात्र के दौरान देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। वहीं, अष्टमी तिथि पर देवी मां दुर्गा की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही अष्टमी का व्रत रखा जाता है।



पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने कहा की जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं शांति आती है।जगत जननी मां दुर्गा के शरणागत रहने वाले साधकों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। इस साल 06 अप्रैल को रामनवमी है। वहीं, चतुर्थी और पंचमी तिथि एक दिन पड़ने के चलते साधक अष्टमी तिथि को लेकर भ्रम है, महाराज ने दुर्गा अष्टमी शुभ मुहूर्त बताते कहा की वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 4 अप्रैल को रात 08 बजकर 12 मिनट पर होगी। वहीं, समापन 05 अप्रैल को शाम 07 बजकर 26 मिनट पर होगा। धर्म जानकारों की मानें तो 05 अप्रैल को चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी। साधक सही तिथि के लिए स्थानीय पंचांग का अनुसरण कर सकते हैं।

## निधन

### श्यामलाल साहू

**अभनपुर।** ग्राम मानिकचौरी के गौटिया श्याम लाल साहू (85) निधन हो गया। वे छग शासन के



पूर्व कृषि मंत्री चंन्द्रशेखर साहू के चाचा तथा थनेन्द्र साहू,हेमेन्द्र साहू व फनेन्द्र साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल शुक्रवार को उनके गृहग्राम मानिकचौरी मे किया गया। जिसमे सामाजिकजन और ग्रामवासी बड़ी संख्या मे शामिल हुये।

---

**सम्मेलन : आईएसबीएम विश्वविद्यालय में एबीजीटी 2025 राष्ट्रीय सम्मेलन**

# ईएसजी को आत्मसात करना होगा : डॉ भोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा में जैव विविधता, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास के लिए संगणकीय नवाचार ABGT 2025 विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का पहला दिन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देशभर से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भाग लिया और जैव विविधता, हरित प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन का उद्देश्य समाज और पर्यावरण के लिए समाधान प्रदान करने वाली नई प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना था, जिससे हम अपने पर्यावरणीय संकटों का सामना करते हुए स्थिर और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने जैव विविधता के महत्व और इसे बढ़ावा देने के लिए हरित तकनीकी के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने कृषि में हरित तकनीकी का उपयोग और सतत विकास की दिशा में आवश्यक कदमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें E S G को आत्मसात करना होगा, ताकि 2030 तक भारत अपना कार्बन फुटप्रिंट कम कर सके और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठा सके।

इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनंद महलवार ने सम्मेलन में उठाए गए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे भारत एक आदर्श विकसित राष्ट्र की दिशा में अग्रसर हो सकता है। उन्होंने हरित तकनीकी के महत्व और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की, और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षा, नवाचार और सार्वजनिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।




**मल्टीफेरोइक सामग्री पर दी प्रस्तुति**

प्रौद्योगिकीय सत्र - 3 के दौरान, सत्र अध्यक्ष प्रोफेसर राज सिंह और प्रोफेसर रतनश तिवारी की उपस्थिति में, डॉ. एन. पवन कुमार ने मल्टीफेरोइक सामग्री पर अपनी प्रस्तुति दी, जो ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति ला सकती है। श्री पुशपति नवीन ने मैग्नेटोइलेक्ट्रिक यौगिकों पर अपने विचार व्यक्त किए, जिनका ऊर्जा संकलन में उपयोगी योगदान हो सकता है। इसके बाद, मौखिक प्रस्तुतियां की गईं, जिनमें शोधकर्ताओं ने ऊर्जा स्रोतों और स्थिरता के विभिन्न पहलुओं पर अपने शोध साझा किए। समापन सत्र में एक फोटो सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी अतिथि, शोधकर्ता और प्रतिभागी एक साथ मिलकर यादगार तस्वीरें खिंचवाने में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और आगामी दिनों में भी इस तरह के आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर जोर दिया।

---

# रेत अवैध खनन में लिप्त 2 मशीनें और 12 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




▪ गरियाबंद में खनिज विभाग ने की कार्रवाई

जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ खनिज विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 चैन माउंटेन मशीन और 12 हाईवा गाड़ियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतों के बाद पैरी नदी में सिंधोरी रेत खदान पर की गई। जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि सिंधोरी रेत खदान में पिछले कुछ दिनों से पैरी नदी में अवैध रूप से रेत का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही 2 चैन माउंटेन मशीनों को सील कर दिया गया। इन मशीनों को थाना पाण्डुका के सुपुर्द कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त इस कार्रवाई में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे 12 हाईवा ट्रकों पर भी कार्रवाई की गई है। इनमें से 6 हाईवा गाड़ियों को राजिम और शेष 6 हाईवा गाड़ियों को थाना पाण्डुका में खड़ा किया गया है। गौरतलब है कि गरियाबंद जिले के सिंधौरी, तर्रा और कोपरा क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध रेत खनन की शिकायतें मिल रही थीं। बेखौफ रेत खनन माफियाओं के खिलाफ खनिज विभाग की इस कार्रवाई को क्षेत्र में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद खनिज विभाग की इस सक्रियता से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

---

## काली मंदिर में मातृशक्तियों का सम्मान...



**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में पंचमी के शुभ अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने मातृशक्तियों का सम्मान किया।

---

# अग्निवीर में चयन होने पर मातृभूमि सेवा संगठन ने फामेश्वरी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




मातृभूमि सेवा संगठन के द्वारा अग्निवीर में चयनित फामेश्वरी यादव को सम्मानित किया गया।

हौंसले यदि बुलंद हो और मन में कुछ कर दिखाने की जुनून हो तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं होता उसे पाने के लिए बशर्ते पूरे ईमानदारी के साथ काम करने की आवश्यकता होंती हैं। कुछ ऐसे ही काम परसदाजोशी विकासखण्ड फिंगेश्वर की बेटी फामेश्वरी यादव ने किया है जो अग्नि वीर में परीक्षा मे चयनित होकर अंचल को नाम रोशन देश सेवा के लिए रोशन कर दी हैं। इस शानदार उपलब्धि से अपने माता–पिता के साथ समाज विकासखण्ड व गरियाबंद जिले का नाम रोशन करते हुए समाज के अन्य लोगों को प्रेरित कर रही है।

परसदाजोशी की बेटी फामेश्वरी यादव का अग्निवीर में चयन होने पर मातृभूमि सेवा संगठन जिला गरियाबंद के द्वारा सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मातृभूमि सेवा संगठन के अध्यक्ष टोकेश साहू ने कहा कि यहां हम सबके लिए गौरव की बात है की विकासखंड फिंगेश्वर की एक बेटी का चयन अग्निवीर में होना इस बात को दर्शाता है हमारी बेटियों में भी मेहनत एवं प्रतिभा की कोई कमी नही है।आज फामेश्वरी यादव ने साबित कर दिया है शहर से दूर गांव में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।इससे हमारे क्षेत्र के और बच्चे प्रेरित होंगे तथा देश सेवा में अपना योगदान देंगे। इसके साथ ही संगठन के द्वारा उनके कक्षा शिक्षक रहे डेलेंद्र साहू को भी शुभकामनाएं दी जिनके शिक्षा और कुशल मार्गदर्शन में बच्ची का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ था। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा संगठन के सदस्य नकुल नाथ योगी के साथ पूरे विद्यालय परिवार छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## सड़कड़ा स्कूल में शर्मा परिवार ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**कोपरा।** संकुल केंद्र पांडुका के शासकीय प्राथमिक शाला सड़कड़ा में शुक्रवार को ताम्रध्वज शर्मा के पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत न्योता भोज का कार्यक्रम किया गया। जुगल किशोर शर्मा, रेणुका शर्मा, जयश्री सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, आकाश सिंह एवं शर्मा परिवार के द्वारा प्राथमिक शाला सड़कड़ा में न्योता भोज कराया गया। जिसमें शाला के बच्चों को दाल, चावल सब्जी, पापड़, खीर, पूड़ी, बिस्कुट व चाकलेट परोसा गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक भुनेश्वर यादव, उदय राम बांधकर, टिकेश्वर महिलांगे, नेता यादव, कुसुम सिंह, सोनल चौहान, श्यामा बाई, निषाद एवं समस्त शाला के बच्चे उपस्थित थे।



---

# वन विभाग की छापा मारकर कार्रवाई, आरोपियों से सागौन, साल 63 नग चिरान व लट्ठे जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





वन परिक्षेत्र इंदागांव परिक्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए सागौन साल सहित अन्य प्रजाति के ईमारती चिरान व लठ्ठे जब्त किए। मिली जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल को वनमण्डल स्तरीय उड़नदस्ता टीम तथा परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग की टीम के द्वारा, धरनीढोड़ा (गोहरापदर) में तुलाराम वल्द हलधर यादव तथा जगदीश वल्द चकरो यादव के घर नियमानुसार तलाशी की कार्यवाही किया गया, तलाशी के दौरान तुलाराम वल्द हलधर यादव के बाड़ी से 07 नग सागौन प्रजाति के ईमारती लठ्ठा 0.691 घनमीटर तथा जगदीश वल्द चकरो यादव के घर से सिरस चिरान 29 नग 0.356 घ.मी. , धावड़ा चिरान 32 नग 0.224 घ.मी. , बीजा चिरान 02 नग 0.026 घ.मी. योग 63 नग चिरान 0.606 घ.मी. काष्ठ अवैध रूप से रखा पाया गया, जिसे मौके पर जब्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में प्रमुख उड़नदस्ता प्रभारी राजेंद्र कुमार साहू, छबीलाल ध्रुव परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर, अश्विनी दास मुरचुलिया परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव देवभोग, दिनेश चंद्र पात्र सहायक परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग, बीम्बाधर यदु सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अमलीपदर, राजू ठाकुर, लम्बोधर सोरी वनरक्षक गोहरापदर क्षेत्र, मोहन साहू वन रक्षक खरिपथरा, अघन सोरी वन रक्षक, गुलशन कुमार अग्रवाणी वन रक्षक, केशरी नायक वानिकी चौकिदार सहजखोल एवं सुरक्षा श्रमिकों का सफल योगदान रहा।

---

# मूलभूत समस्याओं का फौरन निराकरण किया जाएगा : मेमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने कार्यालय में प्रवेश किया। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी सभापति, पार्षद और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर के जनहित के कार्यों और आमजनों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए आसिफ़ मेमन तत्परता और गम्भीरता काम करेंगे। नपा अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि नपा उपाध्यक्ष के रूप में आसिफ मेमन के अनुभव का लाभ पालिका के काम काज में मिलेगा। हम दोनों सभी पार्षदों कर्मचारी के साथ मिलकर नगर विकास के काम करेंगे। इस दौरान आसिफ मेमन ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा आप सभी के सहयोग से मैं अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा के साथ गरियाबंद के विकास के लिए काम करूंगा पार्टी संगठन और राम जनता ने जो विश्वास जताया है उसे पर खडा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। इस दौरान प्रमुख रूप गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, सूरज सिन्हा, पार्षद बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।



---

**तीर्थ दर्शन योजनाओं के संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित**

# विधवा महिलाओं को मिलेगा तीर्थ दर्शन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पूर्व में वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांजन शामिल थे। जिसे विस्तार करते हुए विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है। योजना के क्रियान्वयन तथा तीर्थ दर्शन योजनाओं के संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री डीपी ठाकुर ने बताया कि जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री अध्यक्ष, कलेक्टर उपाध्यक्ष, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीईओ, जिले के सत्कार अधिकारी, सीएमएचओ सदस्य एवं उप संचालक समाज कल्याण सदस्य सचिव होंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन दो प्रतियों में देना होगा। आवेदन पत्र हिन्दी में ही भरा जायेगा। आवेदन के साथ रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर लगाना होगा। आवेदन के साथ निवास के साक्ष्य के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति या राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण पत्र अथवा अभिलेख। आवेदक को किन्ही दो नाम निर्देशितियों का नाम एवं मोबाईल नम्बर देना आवश्यक होगा। 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति जिसने अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन किया है उन्हें अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी, जिसकी आयु 21-50 वर्ष होगी। आवेदक को अपने नगरीय निकाय/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत/जिला कार्यालय समाज कल्याण द्वारा निर्धारित स्थान पर इच्छुक तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदक निर्धारित समय-सीमा के पूर्व आवेदन करना होगा।

**लॉटरी द्वारा यात्रियों का होगा चयन**

इस योजना के लिए 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र तथा 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी क्षेत्र के होंगे। इस योजना के 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल/अन्त्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी होगें एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर के नागरिक होंगे जो आयकर दाता न हो। प्रत्येक स्थान के यात्रा के लिए प्राप्त आवेदन में से उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जायेगा। यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते तो लॉटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया जायेगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची बनाई जायेगी। दिव्यांग आवेदक पति/पत्नी में से किसी एक नाम चुना जाता है तो उसका जीवन साथी यात्रा पर जा सकेगा। आवेदन करते समय ही आवेदक को जीवनसाथी का आवेदन भी संलग्न करना होगा। दिव्यांग तीर्थ यात्री के साथ एक सहायक का तीर्थ यात्रा पर जाना अनिवार्य होगा।

---

# मधुमक्खियों के हमले से घायल हुए बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी

**मैनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चो में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मधुमक्खियों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया और कई बच्चे मधुमक्खियों के काटने से घायल हो गए जिनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कदलीमुड़ा में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मधुमक्खियों ने स्कूल परिसर में मौजूद छात्र-छात्राओं पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से स्कूल का वातावरण दहशत में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, स्कूल परिसर में बनी पुरानी पानी टंकी के ऊपर मधुमक्खियों ने अपना बड़ा सा छत्ता बना रखा था। शुक्रवार की दोपहर जैसे ही टंकी के पास कुछ हलचल हुई, मधुमक्खियों का झुंड एकाएक उग्र हो गया और बच्चों पर हमला कर दिया। करीब एक दर्जन बच्चे मधुमक्खियो के काटने से घायल हुए हैं स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद स्कूल में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच डर और चिंता का माहौल है। कई बच्चों की हालत देखकर माता-पिता बेहद घबरा गए। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन को पहले ही मधुमक्खियों के छत्ते की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया।

## खबर संक्षेप



### द्वादश ज्योतिलिंर्ग में लगाई गई मिट्टी की जलाधारी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के कांदाडोंगर में स्थित कांदेश्वर धाम में बाबा कांदेश्वर द्वादश ज्योतिलिंर्ग में हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन कांदाडोंगर द्वारा बढ़ते गर्मी के चलते भगवान द्वादश ज्योतिलिंर्ग कांदेश्वर महादेव में मिट्टी के जलाधारी लगाया गया। इन जलाधारीयों से पूरे ग्रीष्मकाल तक निरंतर भगवान महादेव में जल अर्पित होता रहेगा साथ ही हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन पदाधिकारी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा किसी भी कार्य का शुरुआत हम महादेव के समक्ष आकर करते हैं महादेव में जलाधारी अर्पित करने के पश्चात प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी पशु पक्षियों वन्यजीवों के लिए भोजन और जल की व्यवस्था करने का संकल्प लिया और जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### सोनकर समाज 9 को मनाएगा रामनवमी

**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर सोनकर समाज द्वारा 9 अप्रैल बुधवार को रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। नवापारा राज सोनकर





समाज के अध्यक्ष अशोक सोनकर एवं महामंत्री राकेश सोनकर ने बताया कि बुधवार 9 अप्रैल को समाज द्वारा भव्य रूप से रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9 बजे हवन पूजन कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल श्री राम जानकी मंदिर नवापारा से निकलेगी, जो गंज रोड, सदर रोड सहित पूरे नगर में भ्रमण करेगी। रात 8 बजे भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर पदाधिकारी सहित समाज के लोग लगे हुए हैं। अध्यक्ष अशोक सोनकर एवं महामंत्री राकेश सोनकर ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने सामाजिक लोगों से अपील की है।

### निःशुल्क दंत परीक्षण व परामर्श शिविर 6 को

**नवापारा-राजिम।** शासनाधिपति श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के निमित्त 6 अप्रैल को स्व.गुलाबचंद-पतासीदेवी बंगानी स्मृति मंच एवं श्री देवनंदी धर्मार्थ औषधालय के सौजन्य से नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक के द्वारा निःशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें हमारे नगर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. अनुज जैन, डॉ. गरिमा भंडारी, डॉ. अदिति बंगानी, डॉ. श्रेया जैन, डॉ. युक्ति कोचर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही साथ मेघा पॉलीक्लीनिक के द्वारा उपस्थित मरीजों का शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच निःशुल्क की जावेगी। उक्त शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शुभम के मार्ट, गंज रोड, नवापारा में आयोजित है। उक्त शिविर के लिए पूर्व पंजीयन पारख मेडिकल, अशोक मेडिकल, प्रकाश मेडिकल, सुमित ज्वेलर्स, महावीर सेल, अजय इलेट्रिकल्स, आगम टेलीकॉम एवं कलर्स मोबाईल में किया जा रहा है।

**मांग :** पंचायत सचिवों के हड़ताल से कार्य प्रभावित, गर्मी में पेयजल की समस्या बढ़ने लगी

# सचिव संघ की हड़ताल 20 दिनों से जारी 21 से जंतर मंतर दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और तेज होती जा रही है अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर पिछले 20 दिनों से हड़ताल पर हैं सचिव संघ ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत के सामने सचिव संघ का हड़ताल लगातार जारी है आंधी तूफान और बारिश के बीच सचिव संघ हड़ताल स्तर पर डटे रहे तो वहीं दूसरी ओर अपने एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर अब सभी ब्लॉक मुख्यालय में सचिव संघ नंगाड़ा बजाकर सरकार को जगायेंगे। भूख हड़ताल सहित हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया है। 2 से 21 अप्रैल तक शरणबद्ध आंदोलन का शेड्यूल बनाया गया है मांग पूरी नहीं होने तक सचिव संघ द्वारा 21 अप्रैल से जंतर मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। हम आपको बता दे प्रदेश पंचायत सचिव संघ के निर्देश पर 17 मार्च से सचिव संघ द्वारा सभी ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल में मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ प्रेमलाल ध्रुव, त्रिवेंद्र नागेश, दसरू जगत, अनिला नेताम, भोलाराम चक्रधारी, रामेश्वर ध्रुव पालिस राम नेताम, संजय राजपूत, तुकाराम नायक, घनश्याम नागेश, योगेंद्र यादव, सालिक राम पटेल, ओम प्रकाश कोमर्रा, कुलदीप मरकाम, निर्मल देशमुख, भूपेंद्र नेताम, मनोज साहू, डिगेश्वर यादव, लक्ष्मी नाथ ध्रुव, संजय नंदलाल, सत्य रंजन हंसराज, विनोद बिहारी, चंपेश्वर दास वैष्णव, अशोक महंती,संतोष गुप्ता,परमेश्वर सेठी, अब्दुल सलाम खान, कैलाश यादव, डोमेश्वरी महिलाँगे,उपेंद्र नेताम, भुनेश्वर यादव, कैलाश ठाकुर, सहित जनपद पंचायत के सभी सचिव मौजूद रहे।



### शासकीयकरण एक सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन

हड़ताली पंचायत सचिव अपनी सिर्फ एक ही मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन कर रहे हैं उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में हमारी मांग को शामिल किया गया, घोषणा पत्र के 7 वे नंबर पर रखा गया था , 400 दिन बीत जाने के बाद आज तक सरकार में कुछ नहीं किया सरकार लगातार आश्वासन देती रही है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। मजबुरन सचिव संघ द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।

### सचिव संघ के समर्थन में सरपंच संघ भी पहुंचे

सचिव संघ द्वारा अपने एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन किया जा रहा है सचिवों की मांग को जायज बताते हुए सरपंच संघ भी लगातार उनके आंदोलन में शामिल हो रहे है सरपंचों ने सरकार से मांग किया है कि सचिवों की मांग को पूरा किया जाए जिससे जल्द से जल्द ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रारंभ हो सके।

### सरपंचों ने पदभार ग्रहण नहीं किया, विकास कार्य हो रहे ठप

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद से सचिव संघ के द्वारा हड़ताल किये जाने के कारण ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों द्वारा अभी तक पदभार ग्रहण नहीं किया गया है जिसके कारण नवनिर्वाचित सरपंच चाहकर भी गांव में विकास कार्य नहीं करा पा रहे है और भीषण गर्मी में पेयजल जैसी समस्या कई जगह उत्पन्न हो गई है। इधर हड़ताल से ग्राम पंचायतों का कामकाज ठप हो गया है। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कते आ रही है। ग्राम पंचायतों में मनरेंगा योजना के तहत कार्य नही चल पा रहे है।

## झरझरा माता मंदिर में जल रहे आस्था के 541 जोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

झरझरा माता मंदिर में 541 ज्योत आस्था के साथ प्रज्वलित हो रहे हैं। मुरमुरा गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर मां झरझरा निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य व झील पर अदृश्य स्वरूपी झरझरा माता का दिव्य रूप विराजमान है। वहां पर पर्यटन स्थल से चारो तरफ घिरा हुआ है आकर्षण से सौंदर्य है, जो मन को भाबित करता है। इस पर्यटन स्थल को देखने के लिए व माता रानी के दर्शन के लिए आसपास के साथ-साथ दूर-दूर से श्रद्धालु आस्था के साथ दर्शन के लिए आते हैं, और इस पुण्य अवसर पर किए गए कार्य सिद्ध होते हैं। भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। इसलिए भक्तों द्वारा देवी स्थलों पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है, पूरे 9 दिनों तक ढ़ोल मंजीरे आदि द्वारा माता के जस गीत का गान किया जाता है और सभी दर्शनार्थी लोगों के लिए पूरे 9 दिनों तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था मां झरझाय समिति के द्वारा किया जाता आज अष्टमी के पावन अवसर पर भक्तों के भीड़ काफी



रहेगी दुर्गम पहाड़ियों में विराजमान माँ झरझरा का दर्शन जो भी आज के दिन करता है उनकी हर एक मनोकामना पूर्ण होती है ऐसा इस क्षेत्र के लोगों के ऊपर आस्था और विश्वास और प्रतिवर्ष अष्टमी के अवसर भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं और माता रानी के दर्शन करते हैं अंदाज यह है कि आज भी काफी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचेंगे जिनकी व्यवस्था को लेकर मां झरझरा समिति द्वारा उत्तम व्यवस्था किए गए हैं भोग भंडारा भी खोले गए हैं। वहीं समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सभी सदस्य गणों ने आज अष्टमी के पावन अवसर पर भारी संख्या में माता के दर्शन करने पहुंचने अपील किए हैं।

## ग्राम खरताबेड़ा में सौर ऊर्जा संयंत्र सुचारू रूप से कार्यशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत-गरहाडीह के आश्रित ग्राम खरताबेडा जो कि उदंती सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत स्थित वनांचल ग्राम है। गांव में क्रेडा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2007-08 में वैकल्पिक तौर पर सौर ऊर्जा संयंत्र 4 कि. वॉ. क्षमता से विद्युतीकृत कर शासन द्वारा निर्धारित प्रति हितग्राही 150 वॉट के मान से 52 परिवारों को प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत उपलब्ध कराया जा रहा है। जो कि वर्तमान में कार्यशील है। सहायक अभियंता क्रेडा टीआर ध्रुव ने बताया कि वर्तमान में हितग्राही संख्या बढ़ गये है एवं ग्रामीणों द्वारा अतिरिक्त अन्य विद्युत उपकरणों जैसे टीवी, कूलर, पंखे, होमथियेटर, प्रेस इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। जिस कारण निर्धारित क्षमता से अधिक लोड होने से सौर संयंत्र बार–बार ड्रिप होकर बंद होने की समस्या हो रही है। पूर्व में उक्त ग्राम का डोर-डोर सर्वे कराये जाने पर 10.8 किलोवॉट क्षमता का लोड आ रहा है जिसके कारण सोलर पॉवर प्लांट ओवर लोड की वजह से सौर संयंत्र की कार्यशीलता प्रभावित हो रही है। वर्तमान में सौर संयंत्र अपनी क्षमता अनुरूप कार्यशील है। ग्राम खरतावेडा हेतु क्षमता उन्नयन के लिए प्रस्तावित क्षमता 36.3 कि. वॉ. क्षमता का प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रेषित किये जा चुके है। ग्रामीणों द्वारा अधिक विद्युत खपत वाले उपकरणों के कर प्रयोग कर रहे है जिसके कारण निर्धारित क्षमता अनुरूप सौर संयंत्रों का पूर्व निर्धारित समय से कम समय तक संचालित हो रहा है। इसके उपरांत भी सभी संयंत्रे का फिल्ड स्टॉफ द्वारा संचालन, संधारण किया जा रहा है। सौर संयंत्र से विद्युतीकृत ग्रामों के सभी सौर संयंत्रों के क्षमता उन्नयन के लिए प्रस्ताव उच्च कार्यालय प्रेषित किये जा चुके है।

## आज अष्टमी पर होगा हवन पूजन, 6 अप्रैल को जंवारा विसर्जन और रामनवमी मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और एकजुटता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोग एक साथ मिलकर कार्य करते हैं और एक दूसरे की मदद करते हैं। यह लोगों के लिए दूसरे के प्रति अधिक संवेदनशील और सहानुभूति पूर्ण बनाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का लोगों में प्रभाव पड़ता है। चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल को राम नवमी तिथि के साथ हो रहा है। आज नवरात्रि के अष्टमी तिथि में हवन-यज्ञ पुजा अर्चना कर पूर्ण आहुति के साथ कन्या भोज किया जाएगा। 6 अप्रैल को ज्वारा विसर्जन के साथ रामनवमीं पर्व मनाएंगे। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि अष्टमी तिथि का प्रारंभ 4 अप्रैल की रात 8 : 12 मिनट से शुरू होकर 5 अप्रैल की शाम 7.26 तक रहेगी। ऐसे में उदया



तिथि के अनुसार अष्टमी तिथि 5 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। ग्राम रसेला में राधेश्याम निषाद, नूतन, सुरेन्द्र, धनेश्वरनिषाद परिवार के यहां ज्योत ज्वारा का आयोजन किया गया है। इस तरह ग्राम कुडेरादादर, दादरगाव नया, सहित आसपास क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योत ज्वारा का आयोजन किया गया है। आज सभी जगहों पर हवन-यज्ञ पुजा अर्चना कर पूर्ण आहुति की जावेगी। अष्टमी तिथि को महागौरी की पूजा का विधान है तो महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमीं

नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन किया जाता है। कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है साथ ही मां दुर्गा का विशेष आशीर्वाद भी व्यक्ति को मिलता है। कुछ लोग नवमी तिथि के दिन कन्या भोज कराएंगे। इसके लिए 9 कन्याओं को आमंत्रित किया जाता है और उन्हें भोजन करवाया जाता है। साथ ही उन्हें कुछ न कुछ उपहार और दक्षिणा दी जाती है। सबसे पहले आमंत्रित की गई कन्याओं को साफ पानी से पैर धुलाकर आसन पर बैठाएंगे, इसके बाद सभी कन्याएं को कुमकुम व अक्षत का तिलक लगाकर, कन्याओं को माता की चुनरी ओढ़ाएंगे और भोजन में हलवा, पूड़ी और चना भोग के रूप में अर्पित करेंगे। कभी भी कन्याओं को अपने घर से खाली हाथ नहीं भेजना चाहिए। कन्याओं को विदा करने से पहले उनके पैर छुए और उनका आशीर्वाद जरूर लेंगे। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को ग्राम रसेला में धूमधाम से रामनवमीं का पर्व मनाया जाएगा। साथ ही इसी दिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर भी क्षेत्र अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अष्टमी की तैयारियां के लिए व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त निषाद परिवार जुटे हुए हैं।

## सचिव हड़ताल से पंचायत व्यवस्था प्रभावित : हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायत सचिवों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ रहा है। सचिवों की प्रमुख मांग नियमितीकरण को लेकर सरकार और सचिवों के बीच संवाद की प्रक्रिया जारी है। सरपंच संघ इस विषय



में सभी पक्षों से संतुलित और संवेदनशील दृष्टिकोण की अपेक्षा करता है। सचिव ग्राम पंचायतों की रीढ़ हैं और उनके बिना ग्रामीण योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। वहीं, सरकार भी पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है। हम सरकार से अपील करते हैं कि सचिवों की मांगों पर सकारात्मक विचार-विमर्श कर त्वरित समाधान निकाला जाए ताकि पंचायत व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से चल सके। साथ ही सचिवों से भी निवेदन है कि आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। सरपंच संघ सचिवों के साथ खड़ा है, साथ ही सरकार के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण का भी सम्मान करता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ इतना है कि गांवों का विकास अवरुद्ध न हो और सभी हितधारकों के बीच समन्वय बना रहे।

## कलेक्टर से महुआ बोर्ड स्थापित करने की मांग



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ राज्य में महुआ बोर्ड स्थापित करने के मांग को लेकर शुक्रवार को कलार समाज ने गरियाबंद कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर युवामंच के जिलाध्यक्ष वंशगोपाल सिन्हा ने बताया कि हमारे कलार समाज़ का पैतृक व्यवसाय वनोपज महुआ से शराब बेचने का रहा है। इस के लिए पूर्व सरकार से हमारे समाज के द्वारा महुआ बोर्ड गठन का मांग किया गया था जिसमे पूर्व सरकार द्वारा सहमति प्रदान की गयी थी जिस प्रकार वर्तमान शासन में सभी समाज़ को बराबर स्थान देते हुए संबंधित समाज़ को उनके व्यवसाय अनुरूप बोर्ड गठन किये है। उसी प्रकार हमारे समाज के पैतृक व्यवसाय के अनुरूप महुआ बोर्ड गठन किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौपने मुख्य रूप से गरियाबंद जिला युवा मंच अध्यक्ष वंश गोपाल सिन्हा गरियाबंद मंडलेश्वर गैंद लाल सिन्हा, छुरा युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा दयाशंकर सिन्हा सुरेश सिन्हा खोवालाल सिन्हा मुरली सिन्हा एवं कलार समाज के सदस्य उपस्थित हुए।

## पुलिस ने लूट के आरोपी को एक घंटे में दबोचा

**गरियाबंद।** गरियाबंद में पुलिस की सतर्कता और तेज़ कार्रवाई ने एक बड़ी वारदात को महज एक घंटे में सुलझा लिया। जिला सहकारी बैंक से निकाले गए एक लाख रुपए की लूट के आरोपी को पुलिस ने मालगांव पुलिया के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के



अनुसार, हरदी (कासरबाय) निवासी रूपसिंह नेताम शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक गरियाबंद से 1 लाख रुपए निकालकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में छिन्द तालाब के पास एक अज्ञात युवक ने उन्हें रोका, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और थैले में रखी रकम लूटकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गरियाबंद पुलिस ने चारों ओर नाकाबंदी कर दी और आस-पास के थाना क्षेत्रों को सतर्क कर दिया। पीड़ित द्वारा बताए गए हुलिए हरा शर्ट और कान में बाली के आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने मालगांव पुल के पास लूट के आरोपी संजय गौरिया (25 वर्ष), निवासी आदर्शनगर, कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली गई है। गरियाबंद पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस की ऐसी मुस्तैदी आगे भी जारी रहेगी।

## खुटेरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष



**छुईहा बेलर।** बाल समुदाय के द्वारा हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाया गया। सनातन संस्कृति को निभाते हुए ग्राम खुटेरी के बच्चों के द्वारा प्रातः गांव के समस्त दैविक स्थलों का सफाई सफाई किया गया। दोपहर अपने बाल समुदायों संगठित कर नैतिक चरित्र चर्चा किया गया। संध्या के समय पूरे बाल समुदाय मिलकर प्रभातफेरी निकाले और पूरे गांव में जय श्रीराम का नारा गुंजायमान रहा। प्रभात फेरी के साथ गांव के पूरे दैविक स्थलों एवं चौक चौराहों पर दीप जलाकर पूरे गांव को आभामय किया गया। प्रभात फेरी गांव के हृदय स्थल ग़ौरा चौक से प्रारंभ किया और शीतला माता प्रांगण पर समापन किया गया। चैत्र प्रतिपदा शुक्ल एकम् नववर्ष की पावन कार्यक्रम में कृष्णा, दाऊ,वासु, डकेश्वर, हिमांशु, तामेश्वर, टप्पू, बजरंगी, शिवा, कौशल, नमन, नोमेश, लक्ष्मीनारायण, बिसरू, गिरधारी और अन्य बच्चों ग्रामीणों की सहभागिता रही।

## पंचमी पर देवी मंदिरों में हुआ विशेष श्रृंगार

**नवापारा-राजिम।** चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल नवमीं विसर्जन के साथ नवरात्रि का पर्व समापन होगा। इस अवसर पर नगर के माता शीतला मंदिर में 213, नगर साहू समाज द्वारा निर्मित राजिम भक्तिन-दुर्गा-कर्मा मंदिर में 81, बस स्टैंड के पास स्थित माता काली मंदिर में 281 मनोकामना ज्योति प्रज्वल्लित किया गया है। इसी तरह नगर के अनेक घरों में एवं माता देवालय में इस प्रकार के आयोजन संपन्न हो रहा है। नवरात्रि के अवसर पर बुधवार को पंचमी पर्व पर विशेष श्रृंगार किया गया। तथा बहुत ही भव्य पूजा-आरती का भी आयोजन किया गया। नगर के सभी माता देवालयों



में मनोकामना दीप-प्रज्वलित एवं जोत ज्वारा का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर के प्रसिद्ध काली माता मंदिर, साहू समाज राजिम कर्मा भक्तिन मंदिर, शीतला माता मंदिर, मावली माता मंदिर, सत बहिनिया मंदिर, किसान पारा दुर्गा दरबार, परमेश्वरी मंदिर, घटोरिया मंदिर, हरदेव लाल मंदिर सहित घरों में भी पुजा अनुष्ठान चल रहा है। काली माता मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव चतुर जगत, कोषाध्यक्ष छन्नूलाल साहू। राजिम-कर्मा-दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष रज्जू साहू, सचिव चंपू साहू, रविशंकर साहू, छन्नू साहू, पंचू साहू, डॉ. लीलाराम साहू, सुखराम भगत ने बताया की नवरात्रि के अवसर पर ज्योति प्रज्वलित एवं घट स्थापना 30 मार्च रविवार को किया गया। तथा 2 को पंचमी, 5 अप्रैल को अष्टमी हवन-पूजा पूणार्हुति एवं 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी ज्योति-जवारा विसर्जन, कुंवारी कन्या भोज के साथ नवरात्रि पर्व का समापन किया जाएगा।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों तथा महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जागरूकता और आदतों में सुधार लाने के लिए जनजागरूकता के उद्देश्य से 08 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण सबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक मुख्य उद्देश्य है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत कुपोषण मुक्ति के लिए जनजागरूकता एवं समुदाय तक पहुंच एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण भी पढ़ाई भी, पर्यावरण संरक्षण (मिशन लाईफ), जल संरक्षण, स्व सहायता समूहों की बैठक, खेल कूद गतिविधियां, टीकाकरण शिविर, गर्भवती महिलाओं की जांच, अन्नप्राशन, योग शिविर, स्थानीय, मिलेट आधारित परम्परागत खाद्य पदार्थों का प्रचार-प्रसार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आयुष एवं अन्य संबंधी गतिविधियां, डायरिया प्रबंधन, एनीमिया उन्मूलन संबंधी गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा। पोषण पखवाड़ा के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 8 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ होगा। 09 अप्रैल को आंगनबाड़ी केन्द्र में विशेष सुपोषण चौपाल आयोजन कर गोदभराई एवं अन्नप्राशन्न, साथ ही छोटे बच्चों के लिए उचित आहार के संबंध में जानकारी, सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 10 अप्रैल को आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का ऊंचाई मापकर पोषण ट्रैकर एप्प में एन्ट्री गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पोषण विविधताओं, विशुद्ध स्तनपान एवं पूरक आहार के संबंध में काउंसिलिंग की जायेगी।

### लापरवाही : जलाशय सूख जाने से वन्यप्राणियों को गर्मी में नहीं मिल पायेगा लाभ

# गेट को नहीं किया बंद, अमलीपदर क्षेत्र का सबसे बड़ा जलाशय मार्च में ही सूखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत अमलीपदर क्षेत्र के बड़े जलाशय मार्च माह में ही सुख गया है। करीब 100 एकड़ में फैले इस जलाशय को करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया था, ताकि यह क्षेत्र की जल आपूर्ति, सिंचाई और मत्स्य पालन का एक प्रमुख केंद्र बन सके। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और रखरखाव की कमी के चलते यह जलाशय पूरी तरह सूख चुका है। पड़ताल में पता चला है कि बीते तीन वर्षों से जलाशय का मुख्य द्वार (गेट) बंद नहीं किया गया, जिससे जल संचय नहीं हो सका। यह जलाशय उदंती नदी से जोड़ने की योजना का भी हिस्सा है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर इस परियोजना पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। समय से पहले यह जलाशय सुख जाने से वन्यप्राणियों को भी गर्मी के दिनो में इसका लाभ नहीं मिल पायेगा जबकि छोटी सी लापरवाही जलाशय का मुख्य द्वार गेट बंद नहीं किया गया जिसके कारण यह सुख गया है जिसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।







#### जलाशयों की अनदेखी

क्षेत्र की ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस जलाशय के मुख्य द्वार को बंद किया जाए ताकि बारिश के दौरान पानी को एकत्र किया जा सके। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। अब सवाल यह उठता है कि जब जल संकट गहराता जा रहा है, तब ऐसे जलाशयों की अनदेखी क्यों की जा रही है? सरकार और प्रशासन को जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा, ताकि जल संरक्षण की इस महत्वपूर्ण परियोजना को पुनर्जीवित किया जा सके।

यह जलाशय न सिर्फ किसानों के लिए सिंचाई का साधन था, बल्कि आसपास के जंगलों के जीव-जंतुओं के लिए भी महत्वपूर्ण था। इसके अलावा, यहां मत्स्य पालन कर कई परिवार अपनी आजीविका चलाते थे। लेकिन अब जलाशय में पानी न होने से ये सभी गतिविधियां ठप हो गई हैं। सरकार ने इस जलाशय से करीब 300 एकड़ भूमि को साल में दो बार सिंचित करने की योजना बनाई थी। लेकिन बीते 10 वर्षों में केवल एक बार ही किसानों को इसका लाभ मिल पाया। जलाशय से जुड़ी नहरें तो बना दी गईं, लेकिन रखरखाव की कमी और जल प्रबंधन की लचर व्यवस्था के चलते ये बेकार साबित हो रही हैं।



## चंदूलाल ने सीएम साय, डॉ. रमन डिप्टी सीएम साव से की मुलाकात

**राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं डिप्टी सीएम अरूण साव से सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर उनके साथ राजिम भाजपा मंडल के अध्यक्ष रिकेश साहू, जितेन्द्र पेंदरिया, युवराज साहू उपस्थित थे। राजिम में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष चंदूलाल ने पत्रकारों से चर्चा की। कहा की पार्टी जिस अपेक्षा के साथ मुझे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसमें मैं पूरा-पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपना काम करूंगा। छत्तीसगढ़ राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष पद की गरिमा को बनाए रखूंगा। राजिम में राजनीतिक समीकरण बहुत तेजी से बदल रहा है। पूरे प्रदेश में अब राजिम क्षेत्र को एक पॉवरफुल क्षेत्र के रूप में देखा जाने लगा है। चूंकि यहां सांसद और विधायक तो भाजपा के है अब यहां के दो वरिष्ठतम नेता दो बार के पूर्व सांसद एवं राजिम विधायक रहे चंदूलाल साहू तथा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा को केबिनेट का दर्जा देकर निगम आयोग में अध्यक्ष बनाया गया है लिहाजा इन दोनो के समर्थको में अभूतपूर्व उत्साह का माहोल है। चंदूलाल साहू से मिलने वालो में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय शामिल थे। दोनो नेता आपस में गले मिलकर अपने खुशी का इजहार किए। श्री उपाध्याय ने चंदूलाल साहू को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री साहू के नियुक्ति होने पर पूरे गरियाबंद जिले में उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता जगह-जगह खुशियां मना रहे है। अब सत्ता में श्री साहू की भागीदारी बढ़ गई है।



## श्री कुलेश्वर महादेव कॉलेज में मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के नियमित द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए सतत मूल्यांकन की प्रथम चरण की परीक्षा दिनांक 4 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रभारी टिकेश्वर मरकाम ने बताया कि यह परीक्षा 4 से 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें डिसिप्लिनरी स्पेसिफिक कोर्स एवं जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स, क्षमता विकास पाठ्यक्रम, कौशल विकास पाठ्यक्रम की परीक्षाएं सम्मिलित होंगी। अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए सतत मूल्यांकन की परीक्षा आगामी 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, जिसके अंतर्गत कुल अंकों का 30 प्रतिशत हिस्सा आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित होता है। महाविद्यालय द्वारा यह परीक्षा उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है। छात्रों को उत्तीर्ण होने के लिए कुल 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना आवश्यक है, जिसमें आंतरिक मूल्यांकन (30%) एवं सेमेस्टर परीक्षा (70%) दोनों के अंक सम्मिलित किए जाएंगे। यह सतत मूल्यांकन परीक्षा न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को परखने का माध्यम है, बल्कि यह उनके समग्र विकास हेतु एक सशक्त आधार भी प्रदान करती है।

## इंद्रजीत ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



क्षेत्र क्रमांक 3 के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने आबकारी विभाग द्वारा ग्राम तरीघाट में प्रस्तावित नवीन मदीरा दुकान ना खोलने के संबंध में गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।इंद्रजीत ने कहा की जिला पंचायत गरियाबंद क्षेत्र क्रमांक 03 के अतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तरीघाट को आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तावित नवीन मदीरा दुकान के लिए चयनित किया गया है। ग्राम तरीघाट क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ धार्मिक स्थलों तक जाने का मुख्य पहुंच मार्ग है, जहां से घटारानी माता मंदिर, जतमाई माता मंदिर, झरझरा माता मंदिर, कर्राबाधिन माता मंदिर, कुंडेल शनि देव मंदिर ऐसे अनेक पवित्र एवं पर्यटन स्थल मौजूद है। जिस किसी भी स्थान में नवीन दुकान प्रस्तावित करने के पूर्व ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत कि सहमति आवश्यक है। क्षेत्र के नई पीढी के भविष्य, धार्मिक आस्था, सामाजिक उत्थान, क्षेत्रिय विकास में बाधा, शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं नशा मुक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वस्थ व प्रगतिशील क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बना सके हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जहरीले नशा युक्त चीजों को क्षेत्र से दूर करें और आने वाले पीढ़ियों को एक अच्छी शिक्षा और उच्च स्वास्थ्य सुविधा तथा धार्मिक से जोड़ने का प्रयास करें ना कि शराब दुकान खोलकर नशा, शराब दुकान खोलने से घर-घर में लड़ाई झगड़ा इत्यादि कई परेशानियां होती है निवेदन है कि हमारे क्षेत्र में मदिरा दुकान को बंद किया जाए।

### बिजली में आयोजित किया गया स्काउट्स गाइड्स प्रशिक्षण

## स्काउट्स गाइड्स समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बिजली सरपंच पद्मा मोती निषाद ने हाई स्कूल बिजली में आयोजित कार्यक्रम में कहा की रोवर रेंजर भारत स्काउट्स और गाइड्स की एक वरिष्ठ शाखा है, जो 16 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए एक स्वयंसेवी, गैर-राजनीतिक शैक्षिक आंदोलन है, जो समाज सेवा, नेतृत्व विकास और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर कहा कि रोवर रेंजर का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से विकसित करना है, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। हाई स्कूल प्राचार्य पुरन साहू ने कार्यक्रम के संदर्भ में बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं आशीष साहू डीओसी स्काउट सीमा साहू डीओसी गाइड के मार्गदर्शन में दो दिवसीय राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र जांच शिविर परीक्षा, आवेदन पत्र भरने एवं लागबुक बनाने की जानकारी मार्गदर्शन शिविर एवं हाईक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित ग्राम बाबा कुटी मांडव्य ऋषि आश्रम आयोजित किया गया।



#### रात्रि में कैंप फायर का आयोजन



इस अवसर पर जिला स्तरीय तृतीय सोपान एवं निपुण जांच परीक्षा उत्तीर्ण स्काउट गाइड, रोवर रेंजर को दो दिवसीय शिविर के माध्यम से राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र जांच परीक्षा आवेदन पत्र भरने के समय होने वाली त्रुटियां एवं सावधानियां के साथ सही आवेदन पत्र भरने व लागबुक बनाने की जानकारी, डीओसी आशीष साहू के द्वारा विस्तारपूर्वक आवेदन पत्र को नमूना के रूप में भरकर जानकारी दी। उक्त मार्गदर्शन एवं हाइक प्रशिक्षण शिविर में रात्रि कैंप फायर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में इंद्राणी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्षता पदमा मोती निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली, बैसाखूराम साहू जिला मुख्य आयुक्त, डॉ रामकुमार साहू पूर्व जिला मुख्य आयुक्त, ओंकार साहू प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, नेहरू साहू प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, मधुबाला रात्रे पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जिला रेडक्रॉस चेयरमेन, नंदू यादव जनपद सदस्य, भारती अग्रवाल प्राचार्य, नूतन साहू आजीवन सदस्य, देवकी साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम ललिता अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बरोंडा, छन्नू साहू अध्यक्ष जिला सहकारी समिति बोरसी, तोषण पटेल उपसरपंच बिजली, हीरा राम हिरवानी उपस्थित थे। इस अवसर पर इंद्राणी साहू जनपद अध्यक्ष ने कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा संस्कार एवं संस्कृति को चरितार्थ करती है आप सभी स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपने शाला व जिले का नाम रोशन करें।

### अष्टमी पर हवन पूजन आज

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 2 में मां कुलदेवी कन्हाई परमेश्वरी माता मंदिर में 5 अप्रैल शनिवार अष्टमी पर सुबह माता श्रृंगार, 10 बजे हवन पूजन, कन्या भोज पश्चात माता प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल की अपील की है।










